आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.12.2025/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर आज होंगे रवाना।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार पर प्रदेश के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार का लगाया आरोप।

- नशे के खिलाफ प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए अभियान के तहत कल हमीरपुर में होगा मैगा वाकथॉन का आयोजन।

- धर्मशाला में खेले गए टी–20 क्रिकेट मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हराया।
- प्रदेश में लंबे समय से वर्षा न होने से फलों व फसलों पर पड़ रहा है विपरीत असर–मौसम विभाग के अनुसार 19 दिसंबर तक वर्षा व बर्फबारी के कोई आसार नहीं।

प्रधानमंत्री यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर रवाना होंगे। यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री किंग अब्दुल्लाह द्वितीय इब्न अल हुसैन के निमंत्रण पर जॉर्डन जायेंगे। प्रधानमंत्री जॉर्डन किंग के साथ द्विपक्षीय संबंधों के समूचे पहलुओं की समीक्षा और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर हो रही है। प्रधानमंत्री कल इथियोपिया के लिए रवाना होंगे। यह प्रधानमंत्री की इथियोपिया की पहली यात्रा है। नरेंद्र मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात करेंगे और भारत – इथियोपिया के द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा करेंगे। यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री ओमान जायेंगे और सुल्तान हैथम इब्न तारिक के साथ बैठक करेंगे।

पुण्य तिथि

राष्ट्र आज भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 75वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है उनका विराट व्यक्तित्व और अतुल्य योगदान देश और देशवासियों को प्रेरित करता है। राजनीतिक ज्ञान से लेकर महान व्यक्तित्व वाले सरदार पटेल को सभी एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में याद करते हैं, जिन्होंने असंभव को संभव कर दिखाया और राष्ट्र की एकता व अखंडता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। स्वतंत्र भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकजुट करने के लिए कई प्रयास किए और सराहनीय कदम उठाएं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्र सरकार पर प्रदेश के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि प्रदेश को 2023 और 2025 में प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा, मगर मदद के नाम पर केंद्र का रवैया निराशाजनक रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमित साधनों के बावजूद राज्य सरकार ने आपदा प्रभावितों

के लिए 45 सौ करोड़ रूपए का विशेष पैकेज लाकर उनकी मदद की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से अर्जित आय को बढ़ाने का प्रयास कर रही है।

## रेलवे

भारतीय रेलवे ने 25 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में विद्युतीकरण का 99 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया है। मंत्रालय के अनुसार 2019 से 2025 के बीच 33 हजार किलोमीटर से अधिक मार्गों का विद्युतीकरण किया गया है। यह लगभग जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है। यह स्वच्छ और कुशल रेल परिवहन के विस्तार में देश की क्षमता का प्रतीक है।

## वॉकथॉन

प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत कल हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे हमीरपुर जिला संवाददाता।

## सुखाश्रय योजना

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना हजारों जरूरतमंद बच्चों और निराश्रित महिलाओं के जीवन में नई रोशनी बनकर उभरी है। इस योजना से अब तक चार हजार एक सौ से अधिक बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में गोद लेकर सरकार ने उनके लालन–पोषण और शिक्षा की संपूर्ण जिम्मेवारी उठाई है। अधिक जानकारी के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता।

*बच्चों को 14 वर्ष की आयु तक 1,000 रुपये, 18 वर्ष तक 2,500 रुपये और 18 से 27 वर्ष की आयु तक 4,000 रुपये मासिक सहायता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, उच्च शिक्षा का पूरा खर्च सरकार वहन कर रही है और छात्रावास उपलब्ध न होने पर 3,000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। यही नहीं, स्टार्टअप, व्यवसाय, घर निर्माण और विवाह तक के लिए भी आर्थिक प्रावधान कर उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर किया जा रहा है।योजना के तहत मकान निर्माण हेतु 3 लाख रुपये की सहायता का प्रावधान किया गया है। जिला शिमला में भी 19 लाभार्थियों को गृह निर्माण सहायता उपलब्ध करवाई गई है।योजना ने हजारों बच्चों और बेसहारा लोगों के जीवन में उम्मीद और आत्मनिर्भरता की नई राह खोली है ।*

## अडॉप्शन प्रोग्राम

राज्य सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में चलाई जा रही "द हिमाचल स्कूल" अडॉप्शन प्रोग्राम के तहत अब तक 4 हजार 2 सौ 31 स्कूल गोद लिए गए हैं। इन स्कूलों को गुणवत्ता में सुधार के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और जिला स्तर पर उप निदेशकों ने गोद लिया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि ये प्रोग्राम बच्चों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध करवाने में मददगार साबित होगा।

## क्रिकेट

धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गए टी–20 क्रिकेट मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका के 118 रन के लक्ष्य के जवाब में भारत ने 15 ओवर और पांच गेंद में तीन विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने सबसे अधिक 35 रन बनाए, तिलक वर्मा ने 25 रन की नाबाद पारी खेली।

इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित बीस ओवर में सभी विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाए।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं, हालांकि प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों बारालाचा, कुंजुम दर्रा, शिकुंला और रोहतांग दर्रा सहित लाहौल स्पीति जिले की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फ गिरी है। चोटियों पर हुए हिमपात के बाद समूची लाहौल घाटी कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गई है। वहीं, ऊना, धर्मशाला, मनाली, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी जैसे क्षेत्रों की रातें शिमला से ठंडी हो गई हैं। राज्य में लंबे समय से वर्षा न होने से फलों और फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। किसान और बागवान बेसब्री से बारिश व बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने बिलासपुर और मंडी के लिए आज व कल घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है जबकि अन्य भागों में 19 दिसंबर तक मौसम के साफ रहने का अनुमान है।

## सुर्खियां समाचार पत्रों से

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच धर्मशाला में खेले गए टी–20 क्रिकेट मुकाबले से जुड़ी खबर को सभी अखबारों ने अलग–अलग शीर्षक देकर अपनी प्रमुख खबर बनाया है।

पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री के हवाले से सुर्खी दी है चुनी हुई सरकारों के साथ भेदभाव कर रहा केंद्र।

दैनिक भास्कर की एक खबर है द्राबिल में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं ने किए अपने कुल देवता चालदा महाराज के दिव्य दर्शन।

हाईवे पर स्मार्ट और हाईटेक होगी पुलिस की पेट्रोलिंग, बढ़ेगी सुरक्षा अमर उजाला की एक खबर है।

हिमाचल में बिजली उत्पादन गिरा शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है नदियों का जलस्तर गिरने से पेश आ रही परेशानी।